# सेक्टर-10 में विकसित होगी ईएमसी

## केंद्र सरकार से अनुमति मिलने के बाद भूखंडों का आवंटन होगा

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-10 में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी) विकसित की जाएगी। 250 एकड़ में विकसित होने वाले इस कलस्टर में 50 एकड़ भूखंड के लिए हैवल्स कंपनी ने आवेदन किया है। कंपनी की ओर से 800 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार की सैद्धांतिक सहमति मिल गई है। अब अंतिम फैसला केंद्रीय कैबिनेट में होगा।

दरअसल, भारत सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर यानी ईएमसी-2 योजना शुरू की है। इसके लिए भारत सरकार ने यीडा क्षेत्र का चयन किया है। इसमें सेक्टर-10 में 200 एकड़ में इलेक्ट्रॉनिक क्लस्टर को शुरू करने की योजना तैयार हुई है।

यीडा को इसके लिए भारत सरकार से 140 करोड़ रुपये मिलेंगे। क्लस्टर का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। प्रदेश स्तर पर गठित स्क्रीनिंग कमेटी ने क्लस्टर को धरातल पर उतारने की मंजूरी दे दी है। अब केंद्र सरकार से अनुमति मिलने के बाद कंपनियों को भूखंडों का आवंटन करना शुरू कर दिया जाएगा। यहां बता दें कि इस सेक्टर में ऑटोमेटिव इलेक्ट्रॉनिक्स, इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर हार्डवेयर, ई- मोबिलिटी कंपोनेंट और टेलीकॉम नेट वर्किंग एंड कम्यूनिकेशन कंपनियों को भूखंड आवंटित होंगे। ब्यूरो

### तीन गांवों की जमीन पर बनेगा

यमुना प्राधिकरण ने आकलपुर की 52.9780 हेक्टेयर, म्याना की 204.6263 हेक्टेयर व मकसूदपुर की 46.45 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण के लिए अधिसूचित की है। इसी गांव पर सेक्टर 10 विकसित होगा और इसमें पांच अन्य औद्योगिक पार्क भी तैयार होंगे। इनमें लेदर, फुटवियर, हस्तशिल्प समेत अन्य दो पार्क शामिल हैं।